# यूनियन कार्बाइड ज़हर पीड़ित इलाज अधिकार मोर्चा

C/o सम्भावना ट्रस्ट क्लिनिक, बाफना कॉलोनी, बैरसिया रोड, भोपाल – 462 001

प्रति,
गृह मंत्री महोदय,
कमरा नं. 104,
नॉर्थ ब्लॉक,
नई दिल्ली - 110 001

16 दिसम्बर, 2024

**विषय : भोपाल, मध्य प्रदेश में अमेरिकी कम्पनियों, यूनियन कार्बाइड और डॉव केमिकल के ज़हर पीड़ित लोगों को मुफ्त चिकित्सा सेवा प्रदान करने वाले सम्भावना ट्रस्ट के एफ.सी.आर.ए. के तहत पुनः पंजीकरण (फाईल क्रमांक : 8300082023) का ज़रूरी मामला ।**

प्रिय गृह मंत्री महोदय,

हम, सम्भावना ट्रस्ट के कर्मचारी और लाभार्थी, जो पिछले 28 वर्षों से भोपाल, मध्य प्रदेश में अमेरिकी कम्पनियों, यूनियन कार्बाइड और डॉव केमिकल के ज़हर पीड़ित लोगों को मुफ्त चिकित्सा सेवा प्रदान कर रहे हैं, आपका ध्यान एक ज़रूरी मामले की ओर आकर्षित करना चाहते हैं ताकि उसका जल्द से जल्द समाधान हो।

यह ज़रूरी मामला सम्भावना ट्रस्ट के एफ.सी.आर.ए. के तहत पुनः पंजीकरण का है, जिसके लिए आवेदन 02 फरवरी, 2023 (फाईल क्रमांक : 8300082023) से गृह मंत्रालय के एफ.सी.आर.ए. विंग के विदेशी प्रभाग के पास लंबित है।

हमारा मानना है कि एफ.सी.आर.ए. के तहत सम्भावना ट्रस्ट का दिनांक 02 मई, 2001 के मूल पंजीकरण, को अक्टूबर 2019 में गलत तरीके से रद्द कर दिया गया था और पुनर्विचार के लिए बार बार किए गए दरख्वास्तो को भी अनुचित तरीके से नजर अंदाज कर दिया गया था। 2023 में एफ.सी.आर.ए. पंजीकरण के लिए आवेदन करने वाले सभी गैर सरकारी संगठनों की उपलब्ध जानकारी (अनुलग्नक -1) के आधार पर, हम यह कह सकते हैं कि एफ. सी. आर. ए. के तहत पुनः पंजीकरण के लिए सम्भावना ट्रस्ट के आवेदन पर निर्णय लेने में अनावश्यक देरी हो रही है।

सम्भावना ट्रस्ट द्वारा संचालित सम्भावना ट्रस्ट क्लिनिक में 51 कर्मचारी कार्यरत हैं और वर्तमान में 80 से 100 मरीज प्रतिदिन क्लिनिक में आते हैं। हमारे एफ. सी. आर. ए. पंजीकरण को रद्द किए जाने से पहले के वर्षों में, प्रतिदिन 180-200 व्यक्ति इलाज के लिए आते थे। लेकिन हमारे एफ. सी. आर. ए. पंजीकरण के रद्द होने के कारण हुए पैसे की कमी के कारण हमें डॉक्टरों सहित कर्मचारियों की संख्या में कटौती करनी पड़ी है, और वर्तमान में इतने सारे लोगों को इलाज देना संभव नहीं है।

हम आपको बताना चाहेंगे कि हमारा क्लिनिक आधुनिक चिकित्सा को आयुर्वेद, पंचकर्म और योग चिकित्सा प्रणालियों के साथ जोड़कर एक समेकित तरीके से इलाज देता है। हमने पिछले 28 वर्षों में कम्प्यूटरीकृत चिकित्सा सूचना प्रणाली के इस्तेमाल के ज़रिए अपने द्वारा दिए जाने वाले इलाज के असर की निगरानी की है और पाया है कि एक समेकित तरीके से इलाज शरीर के अलग अलग तंत्रों को पहुंचे चोट और रासायनिक विषाक्तता के कारण होने वाली शिकायतों के जटिल रोगियों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है। 37 हजार से अधिक पंजीकृत रोगियों की सफल और विशेष इलाज के ज़रिए, हमने यह दिखाया है कि भोपाल में यूनियन कार्बाइड और डॉव केमिकल के पीड़ितों को सुरक्षित, सरल, सस्ती और सबसे बढ़कर, असरदार इलाज करना संभव है।

सम्भावना ट्रस्ट के काम को अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों से प्रशंसा मिली है और हमें अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय पुरस्कार मिले हैं, जिनमें मध्य प्रदेश के पूर्व राज्यपाल भाई महावीर द्वारा दिया गया पुरस्कार शामिल है। भोपाल गैस पीड़ितों के चिकित्सा पुनर्वास के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त निगरानी समिति ने अपनी रिपोर्ट में हमारे काम की सराहना की है।

हमारी वित्तीय स्थिति के हालिया आकलन के आधार पर, हमारे पास 31 दिसम्बर, 2024 से आगे क्लिनिक चलाने के लिए धन नहीं है। इन परिस्थितियों में, और अन्य स्रोतों से धन आने की कम संभावना के साथ, यह तय है कि सम्भावना ट्रस्ट द्वारा संचालित क्लिनिक को दिसम्बर 2024 के अन्त में बंद करना होगा । इससे क्लिनिक में पंजीकृत 37190 रोगियों के साथ - साथ हमारे सामुदायिक स्वास्थ्य कार्य और सामुदायिक स्वास्थ्य सर्वेक्षणों के 130,000 से अधिक लाभार्थियों की स्वास्थ्य स्थिति पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। इस का असर क्लिनिक में काम करने वाले 51 कर्मचारियों और उनके आश्रित परिवार के सदस्यों पर भी पड़ेगा।

जिस समय एफ.सी.आर.ए. के तहत सम्भावना ट्रस्ट का पंजीकरण गलत तरीके से रद्द किया गया था, उस वक़्त ट्रस्ट के पास 45 देशों के 30 हजार दान दाता थे। उनमें से कई अभी भी सम्भावना ट्रस्ट को दान भेजना चाहते हैं। हम इसे नैतिक रूप से निंदनीय मानते हैं कि भोपाल में बड़ी संख्या में लोग, जो बहुत लंबे समय से पीड़ित हैं, उन्हें इलाज और अन्य सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है, जबकि ऐसे दान कर्ता हैं जो सम्भावना ट्रस्ट को बहुत जरूरी विशेष इलाज देने में मदद करना चाहते हैं।

भोपाल के लोगों के स्वास्थ्य और स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए सम्भावना ट्रस्ट क्लिनिक, जो अमेरिकी कंपनियों के ज़हर पीड़ितों के लिए है, पहले से ही अपने एफ. सी. आर. ए. पंजीकरण के रद्द होने के कारण गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है। ट्रस्ट ने अब तक घरेलू दान, क्राउड फंडिंग और अंत में अजीम प्रेम जी फिलांथ्रोपिक इनिशिटिएटिव्स (ए.पी.पी.आई.) से अनुदान के माध्यम से अभूत पूर्व वित्तीय संकट का सामना किया है। हालाँकि, हाल ही में ए.पी.पी.आई. ने ट्रस्ट से फंडिंग के लिए दरख्वास्त को नामंजूर कर दिया है और ट्रस्ट के पास धन के लिए किसी वैकल्पिक स्रोत तक पहुँचना सम्भव नहीं है।

सम्भावना ट्रस्ट क्लिनिक के लाभार्थियों और कर्मचारियों के रूप में, हम आपसे अनुरोध करते हैं कि आप यह सुनिश्चित करें किस सम्भावना ट्रस्ट के एफ. सी.आर.ए. पुनः पंजीकरण पर जल्द से जल्द निर्णय लिया जाए।

हम आपके समय के लिए धन्यवाद देते हैं और आपके उत्तर की उत्सुकता से प्रतीक्षा करते हैं।

सादर,

| | | | |
|---|---|---|---|
| नाथू राम सोनी<br>मो. 9300257224 | दिवाकर सिन्हा<br>मो. 9685807200 | लीला बाई अहिरवार<br>मो. 8965033516 | अज़ीज़ा सुल्तान<br>मो. 9179177334 |
| for<br>रुबीना फैज़ान<br>मो. 8962153025 | ललिता शर्मा<br>मो. 8109478977 | ज़फर बेगम<br>मो. 7566124822 | विजेन्द्र मकोरिया<br>मो. 6266199073 |
| नाज़नीन नसीरुद्दीन<br>मो. 9893094921 | शिवा बोहत<br>मो. 7987624879 | शाह बानो<br>मो. 6263727830 | अंकित मिश्रा<br>मो. 9340020942 |
| मुजीब अहमद<br>मो. 9770081767 | राजीव मिश्रा<br>मो. 7000496710 | किश्वर जहाँ<br>मो. 8827472196 | For<br>सुरैया बानो<br>मो. 8827454030 |

वास्ते यूनियन कार्बाइड जहर पीड़ित इलाज अधिकार मोर्चा
c/o सम्भावना ट्रस्ट क्लिनिक,
वाफना कॉलोनी,
बैरसिया रोड, भोपाल - 462 001

Annexure-1

FCRA Registration Status of NGOs that Applied in 2023 as on December 16, 2024

| S No. | Name of Organization | Status December 2024 |
|---|---|---|
| 1. | Odiya Samaj | Granted |
| 2. | Shanti Niketan Social Welfare Society | Under process |
| 3. | Anand Ji Foundation | Granted |
| 4. | Gomber Educational Foundation | Denied |
| 5. | Major Soni Mission Bajwara Trust | Clarification Awaited |
| 6. | Swachh and Health Vikas Samiti | Granted |
| 7. | Akhil Bhartiya Bhargava Sabha | Granted |
| 8. | Sambhavna Trust | Under process |
| 9. | Foundation for Improving the Quality of Life | Granted |
| 10. | Centre for Equity and Inclusion | Under process |
| 11. | Sindhi Educational Society | Denied |
| 12. | Keystone Human Services India Association | Granted |
| 13. | Shri Shirdi Sai Foundation | Granted |
| 14. | Anu Aggarwal Foundation | Granted |
| 15. | Pragya Education & Environment Trust | Granted |
| 16. | Indian Institute of Public Administration | Denied |
| 17. | Harish Chander Nanda Educational & Charitable Society | Granted |
| 18. | Swataleem Foundation | Granted |
| 19. | Children in India | Granted |

| | | |
|---|---|---|
| 20. | AAS Foundation | Granted |
| 21. | Salutary India Centre for Education & Social Development | Under process |
| 22. | Protsahan India Foundation | Granted |
| 23. | Udaan FSMHP | Under process |
| 24. | WHEELS Charitable Foundation | Granted |
| 25. | Dayanand Anglo Vedic College Trust & Management Society | Granted |
| 26. | Aastha Nishtha Foundation | Granted |
| 27. | BIGNNING | Granted |
| 28. | ORKIDS Foundation | Granted |
| 29. | Social & Cultural Welfare Aradhana Kala Manch Ek Ummeed | Denied |
| 30. | Hope Givers Charitable Trust | Granted |
| 31. | SeekhoSikhao Foundation | Under process |
| 32. | Muktabodha Indological Research Institute Foundation Special | Granted |
| 33. | Sambhav Foundation | Granted |
| 34. | Darbar E Ahl Sunnat | Denied |
| 35. | EKHO Foundation | Granted |
| 36. | Girl Rising India Foundation | Denied |
| 37. | Riyazul Uloom Educational Society | Granted |
| 38. | Sea Regional Coordination Mechanism Forum | Under process |
| 39. | Dr M Chandrasekhar International Foundation | Denied |
| 40. | Shri Ram JanmbhoomiTeerthKshetra Special | Granted |
| 41. | Foundation for Arts for Social Change in India | Under process |

| | | |
|---|---|---|
| 42. | Upword Foundation | Under process |
| 43. | FXB India Suraksha | Denied |
| 44. | ARISE | Under process |
| 45. | Vyomini Social Foundation | Under process |
| 46. | NA* | |
| 47. | Association for Pain Awareness Research & Treatment. | Denied |
| 48. | National Council of OISCA and ALAR in India | Under process |
| 49. | Parwarish Cares Foundation | Under process |
| 50. | Indian National Science Academy | Under process |
| 51. | NA* | |
| 52. | GuraDitta Mal Hukam Devi Charitable Trust | Clarification Awaited |
| 53. | Future Point | Under process |

* NGO has not paid required fees.

| Description | Nos. | In (%) |
|---|---|---|
| 1. No. of NGOs who have applied for Registration under FCRA after Sambhavna Trust. | 43 | - |
| 2. No. of NGOs who have applied after Sambhavna Trust and have had a decision taken on their application. | 28 | 65% |
| 3. No. of NGOs who have applied after Sambhavna Trust and have been granted FCRA Registration. | 21 | 49% |